## खबर संक्षेप

### तीन चोरों से आठ वारदातों का खुलासा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने स्कूल व शराब ठेके में चोरी व बाइक चोरी करने वाले तीन चोरों अर्जुन उर्फ बच्ची निवासी जगजीवन राम कॉलोनी हाल कुटानी रोड, रवि निवासी गौंडा यूपी किरायेदार गांव सिवाह व अमन उर्फ मेंडक निवासी गीता कॉलोनी असंध करनाल हाल गांव महराणा पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों से स्कूल व शराब ठेके में चोरी व बाइक चोरी की आठ वारदतों का खुलासा हुआ। डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो गैस सिलेंडर, एक एक्टिवा व पांच बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस ने रवि व अमन उर्फ मेंडक को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### कलेक्टर रेट को लेकर बैठक की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कलेक्टर रेट फिक्स करने को लेकर जिले के सभी तहसीलदारों, खण्ड विकास पंचायत अधिकारियों के साथ गुरूवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में बैठक की व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कलेक्टर रेट को लेकर अधिकारी सावधानीपूर्वक कार्य करें। कलेक्टर रेट बढ़ाने से पूर्व अधिकारी मंथन व चिंतन करना ना भूले। कई बार यह देखने में आया है कि जहां पर कलेक्टर रेट ज्यादा किए गए हैं वहां पर रजिस्ट्रीयों का काम रूक जाता है जिससे आम आदमी को परेशानी होती है।

### आश्रम की चल रही गतिविधियों पर चर्चा की

**पानीपत।** अनाथ एवं वृद्ध आश्रम सौदापुर में वीरवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें आश्रम की निरंतर चल रही गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यकारिणी के उपस्थित सदस्यों रामनिवास गुप्ता प्रधान सतीश गोयल, राधेश्याम गुप्ता, सुरेश तायल, सियाराम गर्ग, मोहन लाल गर्ग, सुरेश गर्ग, ईश्वर अग्रवाल, सुरेश काबरा हरीश बंसल व अनिल बंसल आदि ने अपनी-अपनी तरफ से स्वेच्छा से दो से तीन दिनों तक भंड़ारे की सेवा का संकल्प लिया और पानीपत वासियों से मदद की अपील की।

### नागरिक सुविधाओं की मांग की

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन गांव कमेटी झांबा एवं महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के लाभार्थियों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सनौली खुर्द के नाम मांग पत्र दिया। राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने मांग पत्र पर चर्चा करते हुए कहा झांबा गांव में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में नागरिक सुविधाओं की मांग की। इस अवसर पर सतपाल बजाज, जगदीश, जमील, शेरदीन, रविंद्र, संजय व सुमेर आदि उपस्थित रहे।

### समालखा में बनेगी 15 सड़कें

**समालखा।** समालखा में 11 करोड़ 60 लाख 39 हजार रुपये की लगत से 15 सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। सड़क निर्माण को लेकर सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई है। अप्रैल माह में पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की तरफ से इन सडक़ों के टेंडर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एसडीओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि समालखा हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रयासों के चलते 15 सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। विधायक मनमोहन भड़ाना ने सड़कों का बुरा हाल देखने के बाद सरकार से मंजूरी दिलाई है।

### जरूरतमंदों को मिलेगा आवास

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में जरूरतमंद पात्र नागरिकों के आवास के सपने को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह योजना शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## एसडी कॉलेज में अंग्रेजी के विद्यार्थियों ने देखी 'गाइड' फिल्म

# फिल्मों के माध्यम से आसानी से शिक्षित हो जाते है छात्रः डॉ. अरोड़ा

■ फिल्में छात्रों को विभिन्न विषयों पर चर्चा करने और अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं और पाठ्य पुस्तक की सामग्री को पूरक करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में गाइड फिल्म देखते हुए टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी माइंडस सोसाइटी के तत्वावधान में 'गाइड' फिल्म को दिखाया गया जो एमए अंग्रेजी और अंग्रेजी आनर्स के पाठ्यक्रम का हिस्सा है और यह फिल्म आरके नारायण कृत 'द गाइड' उपन्यास पर आधारित है । फिल्म देखने के लिए एमए और आनर्स के विद्यार्थी लालायित नज़र आए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो अन्नू आहूजा ने की। उनके साथ डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मोनिका खुराना, प्रो. डेनसन डी पॉल, प्रो. मणि, प्रो. मानवी और प्रो. मानसी ने विद्यार्थियों के साथ इस फिल्म को देखा। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि फिल्मों का उपयोग करके शिक्षक, विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों को बेहतर ढंग से समझने, याद रखने और संलग्न करने में मदद कर सकते हैं। फिल्में जटिल विषयों को सरल और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत कर सकती हैं छात्रों को उन्हें समझने में मदद मिलती है। ये दृश्य और श्रव्य दोनों सामग्रियों को एक साथ प्रस्तुत करती हैं शिक्षार्थियों के लिए फायदेमंद साबित होती है। फिल्में छात्रों को विभिन्न विषयों पर चर्चा करने और अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं और पाठ्य पुस्तक की सामग्री को पूरक करती हैं।

## बच्चों में अच्छा करने की प्रबल शक्ति होती है

# मतदाताओं को जागरूक करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ सम्मानित हुए विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष संस्थान द्वारा निभाई गई भूमिका को लेकर संस्थान के बच्चों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया। उपायुक्त ने कहा कि जिन बच्चों ने मतदाता प्रहरी अभियान में अहम भूमिका निभाई उन्हें आगे भी इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। हर बच्चा प्रभावान है। उसे पढ़ाई के साथ- साथ दूसरी अन्य एक्टीविटी में भी भागेदारी करनी चाहिये। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों में अच्छा करने की प्रबल शक्ति होती है। अध्यापक व अभिभावकों के प्रबल संस्कार उनको उर्जा प्रदान करते हैं। उन्हें हमेशा सकारात्मक होकर समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर उपायुक्त ने एक दर्जन से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया।

## प्रतिष्ठा फाउंडेशन ने छात्राओं को पाठ्य पुस्तक भेंट की

**पानीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन पानीपत में संतोष राम जी विद्या धन योजना के तहत पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि पहुंची प्रतिष्ठा फाउंडेशन की संस्थापक डॉ कुंजल प्रतिष्ठा ने विद्यालय की मेधावी छात्राओं को शाबाशी देते हुए पाठ्य सामग्री भेंट की। कार्यकम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुमित्रा आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए मोहित जग्गा, स्कूल प्रबंधक प्रमोद आर्य, उप प्रधान कुलदीप देशवाल, कोषाध्यक्ष ओमपाल सिंह और प्रबंधन समिति सदस्य प्रदीप मौजूद रहे।



**पानीपत।** आर्य कन्या स्कूल में अतिथियों के साथ छात्राएं।

# आर्य कॉलेज की खुशूब राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज काव्य पाठ में रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में पूर्व प्राचार्य एवं साहित्यकार डॉ. रत्नचन्द्र शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित राज्यस्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशबू ने 'बेटियां' विषय पर अपना काव्य पाठ प्रस्तुत कर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि आर्य कॉलेज की बी.ए. तृतीय वर्ष से दिव्या ने भी नारी सशक्तिकरण पर आधारित अपनी कविता का सुंदर वाचन किया। इधर, विजेता प्रतिभागियों ने अपने महाविद्यालय में पहुंच कर प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता एवं उपचार्या डॉ. अनुराधा सिंह से शुभकामनाएं, बधाई एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रो विजय सिंह, डॉ. शालिनी, प्रो. कविता आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज की विजेता छात्राएं अपने टीचर्स के साथ। फोटो :हरिभूमि

## आईसीएआई पानीपत चेप्टर में निवेशक जागरूकता पर सेमिनार आयोजित

# देश के आर्थिक विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अहम रोल : गजेंद्र

### एक चुनाव के ऊपर सार्थक चर्चा के लिए सभी को न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईसीएआई के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए गजेंद्र सलूजा व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स।

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की पानीपत शाखा द्वारा निवेशक जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने शिरकत की। शाखा चेयरमैन सीए सोनू गोयल ने बताया कि आज के समय में निवेश के बहुत से विकल्प उपलब्ध हैं। जिसकी गहन जानकारी के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गजेंद्र सलूजा ने निवेश की महत्वता को उजागर किया और आज के सेमिनार के लिए सभी को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने देश में बहुचर्चित विषय एक देश एक चुनाव के ऊपर सार्थक चर्चा के लिए सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को न्योता दिया। मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ से निवेश विशेषज्ञ सीए मनोज लांबा ने निवेश के विभिन्न विकल्पों के निहित रिस्क और लाभ के ऊपर गहन चर्चा की। मंच संचालन सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया। इस अवसर पर सीए जितेन्द्र बांगा, सीए कंवरदीप सिंह, रणबीर आर्य, सीए विमल गोयल, सीए अरुण मेहता, सीए मुकेश शर्मा, सीए रविंद्र सिंह, सीए जगदीश धमीजा, सीए रवि मल्होत्रा, सीए गोबिंद सैनी, सीए मुकेश मित्तल ,सीए सुकेश गुप्ता, सीए राजकुमार रावल, सीए शिवम् कक्कड़, सीए मनमोहन शर्मा, सीए नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में रोजाना बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

# जनसेवा में समर्पित है पानीपत प्रशासन : डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय सभागार में शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिस प्रकार से नागरिक गर्मी के मौसम में रोजाना अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं उससे उन्हें बड़े स्तर पर शिविर का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त ने कहा कि आम जन की समस्याओं के ततकाल हो रहे समाधान से आमजन को इस बात का एहसास हो गया है कि प्रशासन उनके साथ है व अपने कर्तव्य का पालन करके अधिकारी समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस कदम उठा रहे हैं। यही बजह है कि समाधान शिविर में रोजाना बड़ी संख्या में जरूरतमंद पहुंच रहे हैं। समस्याओं के तत्परता से हो रहे समाधान से नागरिकों की जीवनशैली में बड़े स्तर पर बदलाव दिखाई पड़ रहा है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस चुनौतीपूर्ण कार्य में समन्वय स्थापित करके जनता की समस्याओं का समाधान करें।

## बुजुर्गों का सम्मान करें

# यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है :आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल, समालखा के प्रांगण में पद्मश्री पूनम सूरी के 77वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर महर्षि दयानंद के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए गुरुदत्त विद्यार्थी को स्मरण करते हुए महेश चोपड़ा अध्यक्ष, सत्यपाल आर्य उपाध्यक्ष, रितु दिलबागी प्रबंधक एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, भव्या शर्मा प्रधानाचार्या के मार्गदर्शन में डीएवी संस्थान द्वारा महिला माह उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष सत्यपाल आर्य रहे। वहीं, पद्म पूनम सूरी की लंबी उम्र की कामना के लिए हवन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष सत्यपाल आर्य व प्रधानाचार्या भव्या शर्मा संदीप बैनीवाल, ताइक्वांडो कोच गोविंद वर्मा, अनिल धीमान, अखिलेश शर्मा, रेनु धीमान, कमलेश शर्मा, मंजू बजाज ने यज्ञ में आहुति दी। वहीं अतिथियों ने कहा कि अपने बुजुर्गों का सभी को सम्मान करना चाहिए और यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है।



डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल, समालखा में यज्ञ करते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

### अवैध निर्माण करने वाले 52 पर केस दर्ज

**पानीपत।** जिला सचिवालय में गुरूवार को टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अवैध निर्माण को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को अवैध निर्माण रोकने के लिए ओर चौकसी बरतनी चा हि ए । उपायुक्त ने जहां-जहां अवैध निर्माण की सम्भावनाएं हैं वहां पर पैनी नजर रखनी होगी। डीसी ने डीटीपी को निर्देश दिए कि वे जिस क्षेत्र में कार्यवाही करने की रणनिति बना रहे हैं। कार्य करने से पूर्व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध निर्माण को रोकने के लिए पुलिस विभाग हमेशा सक्रिय रहा है। अवैध निर्माण को लेकर पुलिस हर सम्भव मदद करेगी। अधिकारियों को इसमें ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है।

■ अवैध निर्माण को रोकने के लिए पुलिस विभाग हमेशा सक्रिय रहा

# सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं विद्यार्थीः डॉ. गुप्ता

### विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एनएसएस के सम्मानित स्वयं सेवी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

आर्य पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा ईकाई द्वारा "यूथ फ़ॉर मॉय भारत एवं यूथ फ़ॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का वीरवार को शानदार समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया व योग के महत्व को जाना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध योग प्रशिक्षक जसमेर सिंह व अतिथि के रूप में योगासन चैंपियन जसबीर सिंह ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को सात दिवसीय विशिष्ट शिविर के शानदार समापन पर बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र व बेस्ट एनएसएस वालंटियर को सराहना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय विशिष्ट शिविर के दौरान समाज में जागरूकता लाने का जो प्रयास स्वयंसेवकों व अध्यापकों ने निःस्वार्थ भाव से किया है वह सराहनीय कदम है व इससे समाज में एक नई सोच पैदा होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता लाकर बललाव किया जा सकता है। विद्यार्थी सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक जसमेर सिंह, जसबीर सिंह ने विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया। जबकि स्वयंसेविका गुंजन और नेहा ने योग के अलग अलग आसनों को प्रदर्शित कर अपने हुनर की प्रास्तुति दी। वहीं शिविर की साप्ताहित गतिविधियों को लघु प्रस्तुति द्वारा दिखाया गया। विन्नी, अंजुम, तानिया, खुशी, संजीव और नीतीश ने नृत्य कलाओं के माध्यम से मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन व उनकी टीम, श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए।

# सहाय को धार्मिक यात्रा करवाना पुण्य कार्यः जैन

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से 70 श्रद्धालुओं का जत्था अग्रवाल मण्डी से मेहंदीपुर बालाजी, खाटू श्याम, सालासर बाला जी, रानी सती के लिए संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने नारियल तोड़कर रवाना किया। जैन ने बताया समाज सेवा संगठन समय-समय पर असहाय श्रद्धालुओं को निःशुल्क धार्मिक यात्रा करवाता रहता है, जो बहुत ही पुण्य का काम है। आज के समय में जिंदगी की भाग दौड़ में जहां बच्चे अपने मां बाप को तीर्थ यात्रा नहीं करवा पाते। वहीं समाज सेवा संगठन उनको तीर्थ यात्रा करवा रहा है। इस अवसर पर प्रवीण जैन, सत प्रकाश जैन, गुलशन कटारिया, नीरज जैन, कैलाश जैन, मनोज गांधी,अंकित व अनिल सिंगला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**कोशल कुमार सुपुत्र श्री आसा नंद निवासी मकान न. 239, जवाहर नगर, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि कोशल कुमार सुपुत्र श्री आसा नंद निवासी मकान न. 239, जवाहर नगर, पानीपत तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत करवाने हेतु पेश किए है। जिसमें स्पष्ट रूप बताया गया है कि प्रार्थी की के पिता स्व. आसा नन्द सुपुत्र श्री आत्मा राम एक किता जायदाद जो कि तहसील कैम्प पानीपत में स्थित है की जिसकी उनकी मलकियत व मकबुजा है। यह है कि श्री आसा नन्द सुपुत्र श्री आत्मा राम की मृत्यु दिनांक 21.04.1980 को हो चुकी है। उनको मृत्यु के बाद उनके उक्त जायदाद के वारसान निम्नलिखित हैं, जिसकी रिपोर्ट नम्बरदार राजीव व हल्का पटवारी रवि द्वारा करवा दी गई है, जो कि साथ सलंग्न है। उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी है :-

1. कोशल कुमार पुत्र, 2. राज कुमार पुत्र, 3. वीना रानी पुत्री, 4. संगीता पोपली पुत्री, 5. प्रेम लता पुत्री है।

इनके इलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। जिनके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह है कि प्रार्थी अपने नम विक्रय पत्र करवाना चाहती है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाश उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## ध्यानार्ध मील में हर्बल ऑक्सीजन बाग के निर्माण का कार्य लगातार जारी

# पर्यावरण घना होने से खत्म होगा प्रदूषणः प्रो. कुमार

ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने बताया कि हरियाणा सरकार के हरित अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत सैकड़ों औषधीय पौधे, फलदार, छायादार, और बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे रोपित किए जा चुके हैं

### जल्दी ही हर्बल ऑक्सीजन बाग में पक्षियों की आवाज गूंजेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत सहकारी शुगर मील, गांव डाहर के एमडी मनदीप कुमार के मार्गदर्शन में और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के स्वेच्छिक सहयोग से हर्बल ऑक्सीजन बाग बनाने का काम जोरों पर है। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने बताया कि हरियाणा सरकार के हरित अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत सैकड़ों औषधीय पौधे, फलदार, छायादार, और बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे रोपित किए जा चुके हैं। वीरवार को अमरूद, जामुन, अंजीर, आड़ू, गूलर के 11 पौधे हर्बल ऑक्सीजन बाग में रोपित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडी शुगर मील मनदीप कुमार ने कहा कि ने कहा कि मील में प्रतिदिन सैकड़ो किसान व नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसी के ध्यानार्ध मील में हर्बल ऑक्सीजन बाग के निर्माण का कार्य लगातार जारी है। इससे जहां पर्यावरण सुधरेगा वही लोग पर्यावरण जैसे गम्भीर मुद्दे के प्रति जागरूक भी होंगे।

### ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत का आभार व्यक्त किया

मनदीप कुमार ने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत का शुगर मील में हर्बल ऑक्सीजन बाग बनाने पर आभार व्यक्त किया। वहीं, मील में गार्डन रखरखाव प्रभारी विजेंद्र मलिक ने कहा कि जल्दी ही यह हर्बल ऑक्सीजन बाग पक्षियों की आवाज से गूंजेगी। जबकि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने कहा कि पर्यावरण घना होने से प्रदूषण की समस्या का हल हो जाएगा।

